यूटीयू और भारतीय स्टार्टअप संगठन के बीच हुआ एमओयू

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारतीय स्टार्टअप संगठन (आईएसओ) के बीच शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन में विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो.ओंकार सिंह व भारतीय स्टार्टअप संगठन की ओर से चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर सैमसन प्रकाश मसीह ने हस्ताक्षर किए। समझौते का उद्देश्य प्री-इनक्यूबेशन, इनक्यूबेशन, एक्सेलेरेशन प्रोग्राम को सुविधाजनक बनाते हुए विभिन्न पद्धतियों का उपयोग कर नवाचार को बढ़ावा देने और पुरस्कृत करने के लिए एक ईको सिस्टम बनाये जाने में प्रयोग किया जाना है।

इस मौके पर विवि के कुलसचिव आरपी गुप्ता, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, वित्त अधिकारी सुरेश चंद्र आर्य, डा.संजय कुमार, भारतीय स्टार्टअप संगठन की ओर से मानव संसाधन प्रमुख संगीता पुन, मेघा पोखरियाल, तनुजा चंद आदि मौजूद थे।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने दौरान विवि व आईएसओ सदस्य।

Scanned with CamScanner